### बस स्टैंड के विस्तारीकरण की उठ रही मांग

# कब होगा अतिक्रमण मुक्त सौंसर नगर का बस स्टैंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

नगर के व्यस्ततम बस स्टैंड पर इन दोनों बड़े पैमाने पर अवैध रूप से निजी टेक्सियों ने कब्जा कर रखा है।जिसके चलते बस स्टैंड परिसर के अंदर प्रवेश करने वाले बड़े यात्री बसों को भारी कठिनाई होती है। नागपुर मार्ग पर स्वर्गीय रेवनाथ चौरे यात्री प्रतीक्षालय के मुख्य ओर पीछे द्वार पर सावनेर मोहगांव हवेली के और चलने वाली टैक्सियां रास्ता जाम किये खड़ी रहती है।यात्री प्रतीक्षालय के प्रवेश द्वार पर टैक्सियों के खड़े रहने के चलते यात्री प्रतीक्षालय में बैठने के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं यात्रियों एवं महिलाओं को दिक्कत होती है।यहां पर खड़ी हुई टैक्सियों के कारण बसों के आवागमन में भी दिक्कत होती है।कई बार सवारियों को भरने के लिए टैक्सी संचालकों के द्वारा बस स्टैंड परिसर एवं बीच रास्ते में गाड़ियों को रोक कर सवारी भरना शुरू कर दिया जाता है जिसके चलते अक्सर जाम की स्थितियां भी उत्पन्न होती है।सवारी को लेकर अक्सर टैक्सी संचालकों के विवाद भी आसानी से देखे जा सकते हैं।निजी टैक्सियों के द्वारा यात्रियों को क्षमता से अधिक भरकर परिवहन भी किया जा रहा है।

## अतिक्रमण की चपेट में सौंसर मुख्य बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय

प्रशासनिक लापरवाही के चलते सौसर नगर के मुख्य बस स्टैंड पर अतिक्रमण कार्यों ने बड़े पैमाने पर कब्जा कर लिया है। जिसके चलते यहां पर आने वाली यात्री वाहनों एवं यात्रियों को और सुविधा हो रही है। यात्री प्रतीक्षालय के मुख्य द्वार और निगम द्वारा पर होटल माली को एवं दुकानदारों ने कब्जा कर लिया है।प्रवेश द्वार से यात्रियों को अंदर आने में परेशानी होती है। वहीं दूसरी और बस स्टैंड परिसर में लगी हुई पक्की दुकानों के द्वारा भी बड़े पैमाने पर अपनी दुकान है बाहर की ओर बढ़ा ली है। अपनी दुकानों से 10 फीट से अधिक अतिक्रमण सड़कों पर पक्की दुकानदारों के द्वारा किया गया है जिसके चलते यहां पर आने वाली बसों एवं छोटी टैक्सियों को गाड़ियां पार्किग करने में और सुविधा होती है। नपा प्रशासन के द्वारा पूर्व में बढ़ते अतिक्रमण को देखते हुए यहां पर लगी हुई पक्की दुकानों फल विक्रेता होटल मालिकों को अपनी सीमा में रहने को लेकर ताकीत भी दी गई थी। परंतु अधिकारियों के जाने के बाद में दुकानदारी के द्वारा फिर से अपनी दुकानों को आगे बढ़ते हुए सड़क पर अतिक्रमण कर लिया है। वरिष्ठ नागरिकों का कहना है कि बढ़ते हुए यातायात के दबाव और बसो की संख्या को देखते हुए बस स्टैंड का विस्तारीकरण के साथ ही अव्यवस्थित रूप से फैले हुए अतिक्रमण पर कार्रवाई करनी चाहिए। ताकि भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना घटित ना हो सके।

## जय हरि विट्ठल की ध्वनि से गूंज रहा है ग्राम बेरडी



**सौंसर।** ग्राम बेरडी में अखंड हरिनाम सप्ताह व भागवत कथा ज्ञानयज्ञ महोत्सव का आयोजन चल रहा है इस दौरान बड़ी संख्या में ग्राम के अलावा आसपास के ग्रामों के भी भक्ति आयोजन में पहुंचकर अखंड हरी नाम सप्ताह का पुण्य लाभ ले रहे हैं।मिली जानकारी के अनुसार यहां पर अखंड हरिनाम सप्ताह परंपरा ने इस वर्ष अपनी शताब्दी में प्रवेश किया है। इस वर्ष 3 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 तक गांव में हरिपाठ सप्ताह एवं भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष का आयोजन विशेष इसलिए भी है क्योंकि ग्राम में नवनिर्मित विट्ठल मंदिर भवन में पहली बार हरिपाठ का आयोजन हो रहा है। पहले यह कार्यक्रम पुराने मंदिर परिसर में होता था, किंतु अब नई पवित्र भूमि पर पूरे गांव ने एक स्वर में 'हरि नाम' का उद्घोष किया है। ग्रामवासी बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव से भजन-कीर्तन में भाग ले रहे हैं। प्रतिदिन सायंकाल मंदिर परिसर भक्तों की भीड़ से गूंज उठती है। प्रख्यात कीर्तनकारों की सुमधुर वाणी से भक्ति का ऐसा रस बरसता है कि वातावरण हरि नाम के अनुनाद से भर उठ रहा है। सप्ताह के अंतिम दिन पूरे ग्राम में डिंडी यात्रा और झांकी शोभायात्रा का आयोजन होगा। सजे-धजे मंडल, पालखियां, वादन-मृदंग की धुन और हरि नाम संकीर्तन के साथ भक्तजन गांव की गलियों से होते हुए विट्ठल मंदिर पहुंचेंगे, जहां सप्ताह का समापन एवं महाआरती संपन्न होगी। इस दौरान विशाल महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र से भी हजारों श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण करेंगे। ग्राम के बुजुर्गों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बेरडी का यह अखण्ड हरिनाम सप्ताह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सदियों से चली आ रही भक्ति की परंपरा का जीवंत प्रतीक है। यहां की वाणी, वाद्य, और विठ्ठल नाम का उच्चारण हर हृदय को भक्ति रस में सराबोर कर देता है।प्रतिदिन आ रहे हजारों भक्तों के साथ बुधवार को जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड़ ने साथियों के साथ में पहुंचकर भगवान श्री विट्ठल रुकमाई के दर्शन करते हुए पूजा अर्चना की साथ ही क्षेत्र की समृद्धि एवं खुशहाली के लिए भी प्रार्थना की है।

## श्री रामलीला समिति ने किया शांति हवन, भक्तों ने डाली आहूति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर की ऐतिहासिक सांस्कृतिक, सामाजिक एवं धार्मिक धरोहर श्री रामलीला का गत रात्रि को विधिवत रूप से समापन किया गया। लगातार 11 दिनों तक भगवान श्रीराम की लीला का स्थानीय श्री रामलीला मंच पर मंचन किया गया। इसके पश्चात स्थानीय दशहरा मैदान पर रावण दहन का कार्यक्रम भी किया गया था। श्री रामलीला समिति की परंपरा के अनुसार प्रत्येक वर्ष में रामलीला के समाप्ति के उपरांत श्री शांति हवन का आयोजन किया जाता है। यह आयोजन गत रात्रि को श्री रामलीला मंच पर किया गया। श्री शांति हवन में पंडित सुधीर मिश्रा के द्वारा समिति के अध्यक्ष और राजेश श्रीवास्तव एवं महामंत्री नरेंद्र शर्मा की यजमानी में पूर्ण कार्यक्रम किया गया। इसके पश्चात समिति के समस्त सदस्यों के द्वारा यहां पूर्णाहुति में अपनी आहुति यज्ञ में प्रदान की गई। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

## संभाग स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए महाविद्यालय के विद्यार्थियों का हुआ चयन

**जुन्नारदेव।** नगर के शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव के खिलाड़ी लगातार अपनी खेल प्रतिभा दिखा रहे हैं बीते दिनों जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता जो की चोरी महाविद्यालय में आयोजित की गई थी जिसमें महाविद्यालय के अरुण उईके व पवन यादव का चयन संभाग स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए हुआ है।
महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी नीरज पाल ने बताया कि प्रतियोगिता में महाविद्यालय पुरुष टेबल टेनिस दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और अपने उत्कृष्ट खेल कौशल के आधार पर छात्र अरुण उईके व पवन यादव ने अपना स्थान संभागीय दल में सुनिश्चित किया है, वहीं वरुण सललाम ने रिजर्व खिलाड़ी के रूप में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में मोहित ठाकरे व ऋतिक मोगरे का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा । महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर संस्था प्रमुख डॉक्टर एके तांडेकर, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ संगीता वाशिंगटन, प्रो आरडी वाडिवा, प्रो आरके चंदेल, डॉ रश्मि नागवंशी, डॉ एसके शेण्डे, प्रो मनोज मालवीय सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ़ ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## स्टेट लाइट टावर का स्थान परिवर्तन करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



जुन्नारदेव नगर पालिका परिषद द्वारा नगर की जनता की महत्वपूर्ण मांग को ध्यान देते हुए नगर पालिका परिषद के माध्यम से श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर स्टेट लाइट टावर का स्थान परिवर्तन कर शहर के मुख्य चौराहा को विद्युत सौंदरीकरण का कार्य होने पर स्थानीय श्याम प्रसाद मुखर्जी चौक के व्यापारियों ने स्थानीय नगर पालिका के परिषद को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की स्थल परिवर्तन के दौरान नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पार्षद एवं स्थानीय व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## राज्य मंत्री अहिरवार ने हनुमान लोक में पहुंचकर टेका माता



**सौंसर।** बुधवार को श्री चमत्कारी हनुमान मंदिर जाम सावली हनुमान लोक में पूज्य गुरुदेव श्रद्धेय विवेक एवं दिलीप सिंह अहिरवार राज्य मंत्री, वन एवं पर्यावरण, मध्यप्रदेश शासन ने पहुँचकर श्री मूर्ति की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस दौरान चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली ट्रस्ट कमेटी की ओर से अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत सत्कार किया गया।श्री रविवार के द्वारा विधिवत श्री बजरंगबली की पूजा अर्चना अभिषेक किया।इस दौरान चमत्कारिक हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारी से हनुमान लोक में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर भी चर्चा की गई है।इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा सचिव टीकाराम कारोकर ट्रस्टी,विठ्ठल डवरे, भगवंत कारोकर समेत संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## ओबीसी महासभा युवा मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन



**जुन्नारदेव।** जिले के परासिया और जुन्नारदेव विधानसभा मे जहरीली सिरप से बच्चों की लगातार हो रही मौतों पर शासन के द्वारा की जा रही लीपापोती के विरुद्ध ओबीसी महासभा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष एडवोकेट हर्ष यदुवंशी के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अनुपस्थिति में तहसीलदार जुन्नारदेव को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।मांग - 01 - मृतक बच्चों के परिवार को तत्काल 25 लाख रुपए की मुआवजा राशि दी जाए।02- मुआवजा राशि बिना किसी लंबी प्रकिया के सीधे दी जाए।03 - परासिया के निजी क्लिनिक में जितने भी बच्चों का उपचार हुआ हैं उनकी पहचान कर उनकी जांच की जाए तथा अच्छे उपचार की व्यवस्था की जाए।04- इस जहरीली दवा कांड की सीबीआई जांच की जाए।05 - जहरीली सिरप जहां जहां सप्लाई हुई हैं उसकी जांच हो और दवाई नष्ट कर संबंधित पर कार्यवाही की जाए।06 - ड्रग से संबंधित सभी अधिकारियों को तत्काल बर्खास्त किया जाए।07 - संबन्धित डॉक्टर, संबंधित मेडिकल, संबंधित एमआर, संबंधित अधिकारियों पर एवं दवा निर्माता कंपनी के मालिक पर हत्या का मामला दर्ज किया जाए।जिसमें मुख्य रूप से ओबीसी महासभा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष एडवोकेट हर्ष यदुवंशी, युवा मोर्चा जिला मंत्री पंकज यदुवंशी, मुकेश यदुवंशी, सुरेश यदुवंशी , गोपाल यदुवंशी ,छविराम यदुवंशी, एडवोकेट राम भरोस आमरे, एडवोकेट नितीन आहके, प्रहलाद आहके, विवेक यदुवंशी, नीलेश यदुवंशी, कपिल यदुवंशी, तुलाराम यदुवंशी, नानक यदुवंशी एवं बड़ी संख्या में ओबीसी महासभा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

# 11 अक्टूबर को बालाघाट में मैराथन दौड़ का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव को लेकर आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा बालाघाट द्वारा 11 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से जिला मुख्यालय बालाघाट में मैराथन दौड़ नमो युवा रन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं। इस प्रतियोगिता में जिले भर से प्रतियोगियों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए वारासिवनी विश्राम गृह में भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री अमन गॉधी व मैराथन दौड़ प्रभारी विशाल मंगलानी ने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

इस बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले, जिला मंत्री श्रीमती रेखा भारत गोखले, सोसायटी पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र सेठी, नगर भाजपा मंडल पूर्व अध्यक्ष दीप चौहान, खैरलॉंजी भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य युवा मोर्चा सौरभ टेबू पटेल, राहुल जेमी, शेखर गोली, विधित राणा, युवा मोर्चा ग्रामीण अध्यक्ष केशव बैस, मनोज राजुरकर, शशांक डोंगरे, अभिषेक चंद्रवार, बिट्टू पारधी, अयान मेमन, चारु देशमुख, आकाश हेड़ाऊ, पार्षद आशुतोष कोहाड़, अंकित पारधी, गुरुवेश चद्रवंशी, सोनू जैन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

बैठक में श्री गॉधी व श्री मंगलानी ने सभी भाजपा पदाधिकारियों व सदस्यों से इस मैराथन दौड़ में वारासिवनी क्षेत्र से कम से कम 200 युवकों को भाग दिलवाने का प्रयास करने की बात कही। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ऑनलाईन पंजीयन किया जा रहा है। जिन युवक-युवतियों को इस मैराथ प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं, वह स्वयं क्यू आर कोड को स्केन कर पंजीयन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि यह मैराथन प्रतियोगिता 10 किलोमीटर की हैं। दौड़ हनुमान चौक से प्रारंभ होगी और आंबेडकर चौक, एलआईसी चौक, सिविल लाईन, जय स्तम्भ चौक, काली पुतली चौक, सुभाष चौक होते हुए हनुमान चौक वापस होगी, प्रतिभागी को इस मार्ग के 2 चक्कर लगाने होगे। प्रतियोगिता के युवक वर्ग में प्रथम पुरस्कार 11 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 5100 रुपये व तृतीय पुरस्कार 3100 रुपये तथा युवती वर्ग में प्रथम पुरस्कर 7100 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 4100 रुपये व तृतीय पुरस्कार 2100 रुपये रखा गया हैं। इसके अलावा 10 लकी ड्रा भी निकाला जायेगा। उन्होंने अधिकाधिक संख्या में इस मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में युवक-युवतियों से भाग लेने की अपील की हैं।

## खरखड़ी में विधायक विवेक पटेल एंव पूर्व सांसद विश्ववेर भगत ने किया नवीन ग्राम पंचायत भवन का भूमिपूजन



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** जनपद पंचायत खैरलांजी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खरखड़ी में मंगलवार 7 अक्टूबर को नवीन ग्राम पंचायत भवन एंव सभा मंच का भूमिपूजन वारासिवनी खैरलांजी विधायक विवेक पटेल एंव पूर्व सांसद विश्ववेर भगत सहित अन्य जनप्रतिनिधी के हस्ते किया गया । इस दौरान वारासिवनी खैरलांजी विधायक विवेक पटेल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की खैरलाजी वारासिवनी क्षेत्र का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है, जिसके लिए मैं सकंल्पित हू। जनता की सेवा करना मेरा उद्देश्य है। जिसके लिए मैं निस्वार्थ भाव से सर्मपित होकर काम कर रहा हू। जनता की हर समस्याओ का समाधान करने की बात पर जोर देते हुए हर संभव सहयोग प्रदान करने की बात कही । इस दौरान पूर्व सांसद विश्ववेर भगत ने कहा की जनता के हित के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा साथ ही क्षेत्रीय विधायक विवेक पटेल के कार्यो की सहारना की। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र राहंगडाले ने कहा की गांव का विकास करना मेरा लक्ष्य है, जिसके लिए काम किया जा रहा है, जनता की सेवा करने के लिए मै तत्पर हू।इस दौरान भूमिपूजन कार्यक्रम में पूर्व सांसद विश्ववेर भगत, वारासिवनी खैरलांजी विधायक विवेक पटेल, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती छाया नरेंद्र रागहंडाले, जनपद अध्यक्ष प्रतिनीधी गुनाराम बघेले, जिलापंचायत सदस्य सुनिता मानसिंह बहेटवार, पूर्व जनपद अध्यक्ष फेकनलाल डोहरे, गोकुल प्रसाद गौतम ब्लॉक कांग्रेस कमेटीअध्यक्ष, ,सुभाष क्षीरसागर, बेनीराम पटले उपसरपंच , चुनींलाल पटले रेवलाल पटले, मोहनलाल बिसेन राजेन्द्र प्रसाद भगत, सचिव श्रीमती तनुजा चौधरी सहित अन्य ग्रामीण व ग्राम पंचायत के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वच्छता सेवा पखवाड़ा में किए गए विभिन्न आयोजन

**वारासिवनी।** स्थानीय कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले स्वच्छता सेवा पखवाड़ा का स्वच्छता अभियान चलाकर समापन किया गया। इस पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता की शपथ स्कूल संचालक एवं प्राचार्य निरंजन बिसेन द्वारा छात्र, छात्राओं, शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों को दिलायी गई। इसके अतिरिक्त स्कूल परिसर को हरा-भरा बनाने के लिये पौधरोपण कर वर्षा जल संचयन की विभिन्न तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर निबंध, भाषण, चित्रकला एवं नारा लेखन प्रतियोगितायें आयोजित की गई। छात्र-छात्राओं को ग्रामों का भ्रमण कराकर ग्रामीणों को अपने-अपने घरों एवं ग्राम को स्वच्छ रखने के लिये प्रेरित किया गया।

### एसडीआरएफ की टीम व गोताखोर नदी में ढूॅढ रहे हैं लगातार

# 24 घंटे बाद भी नदी में गुम बालक नहीं मिला



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगर के वार्ड नं 11 व 12 के किनारे से बहने चंदन नदी में स्थित कबीर घाट एवं चंदन घाट में नहाने गए 4 बालक में से एक बालक के 7 अक्टूबर की दोपहर से नदी में लापता होने के बाद अभी तक उसका कोई पता नहीं लग पाया हैं। जबकि 7 अक्टूबर की शाम और 8 अक्टूबर की सुबह से एसडीओपी अभिषेक चौधरी और थाना प्रभारी हेमंत नायक के नेतृत्व में एसडीआरएफ की टीम नदी में लापता बालक को लगातार खोजने का प्रयास कर रही हैं।

प्राप्त जानकारी अनुसार वार्ड नम्बर 11 निवासी नदीम खैरो का पुत्र अर्श खैरो 7 अक्टूबर की दोपहर में चंदन नदी में नहाने के लिए अपने साथियों के साथ गया था। नदी में नहाने के दौरान अचानक वह नदी में गायब हो गया। उसके गायब होते ही उसके साथी उसके कपड़ों को नदी के घाट पर कपड़े धो रही महिलाओं के पास छोडक़र भाग खड़े हुए। इस बात की जानकारी महिलाओं द्वारा पूर्व पार्षद मनोज दांदरे को दी गई, तो वह तत्काल नदी के घाट पर पहुॅचे और वहॉ उपस्थित महिलाओं व अन्य लोगों से चर्चा करने के बाद कपड़े के आधार पर वार्ड नम्बर 11 निवासी नदीम खैरो को बुलवाया गया। जिन्होने कपड़ों के आधार पर अपने बेटे अर्श खैरो के होने की पहचान की थी।

उसके बाद से गोताखोर व शाम को एसडीआरएफ की टीम द्वारा बालक को नदी में खोजने का प्रयास किया जा रहा हैं। लेकिन 24 घंटे से अधिक बीत जाने के बावजूद अभी तक बालक का पता नहीं चल पा रहा हैं। गोताखोर व एसडीआरएफ की टीम ने नगर के वार्ड नम्बर 11-12 से सिकन्द्रा ग्राम के घाट तक चंदन नदी में बालक की तलाश कर ली है। लेकिन फिर भी बालक नहीं मिला हैं।

वही बालक अर्श खैरो के साथ नहाने के लिए गए हुए अन्य 3 बालक कौन थे? इसका पता भी पुलिस नहीं लगा पाई हैं, जिससे यह पता लगाया जा सके कि आखिर बालक उनके साथ था या नहीं? अगर था, तो वह नदी में ही डूबा हैं या फिर कहीं और गायब हो गया है?

### पीड़ित ने की लांजी थाने में शिकायत, अपराध दर्ज

# प्रेम प्रसंग के शक में युवक पर दो लोगों ने किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज लांजी।



नगर में प्रेम प्रसंग के चलते दो युवकों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है, जहां वार्ड नंबर 15 निवासी लक्ष्मण पिता चेतराम रामटेकर पर लांजी भिलाई रोड चैतराम सोनवाने के खेत के सामने जानलेवा हमला किया गया। इस संबंध में पीड़ित लक्ष्मण रामटेकर ने बताया कि आरोपी आयुष खोबरागड़े द्वारा अपनी बहन से बात करने के लिये मना करते हुए एक अन्य युवक जिसे मैं पहचानता नहीं के साथ मिलकर मारपीट की है। इसके पूर्व में भी हमारा समझौता हो चुका था। लेकिन आयुष और उसके साथी ने मिलकर मुझे जान से मारने की कोशिश की। घटना के संबंध में पुलिस जानकारी अनुसाार लक्ष्मण रामटेक्कर वार्ड न.15 नीमटोला लांजी निवासी मेडिकल दुकान से कार्य करके अपने घर सायकल से नीमटोला जा रहा था। जैसे ही में चेतराम सोनवाने के खेत के कुए के पास पहुंचा उतने में आयुष खोब्रागडे एक लड़के के साथ मोटर सायकल से आया और कहने लगा कि तु अभी भी मेरी बहन से बात कता है कहकर मुझे मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देने लगा मैने उसे गालियां देने से मना किया तो उसने मुझे सायकल से नीचे ढकेल दिया एवं हाथ मुक्को से मारपीट किय। एवं मेरा गला दबाने लगा जिससे मेरे बाये आंख, गर्दन, सिर तथा माथे पर चोट लगी है। झगड़े को अंकुश रामटेक्कर, हरिओम सोनवाने ने देखे सुने व बीच बचाव किये है। आयुष खोब्रागढ़े जाते जाते बोल रहा था कि अगर दोबारा हमारे से ज्यादा बात करेगा तो तुम्हे जान से खत्म करने की धमकी दिया है। फि र मेरे द्वारा अपने पिताजी चैतराम रामटेक्कर व भाई विनय रामटेक्कर के साथ लांजी थाना आकर शिकायत दर्ज कराया गया। युवक की शिकायत पर लांजी पुलिस द्वारा आयुष खोब्रागढ़े एवं एक अन्य युवक के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 296, 115(४), 352(3) बीएनएस 2023 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## तीन माह से नहीं मिला रोजगार सहायको को वेतन



### वेतन और आयुष्मान कार्ड का भुगतान करने जपं सीईओ को सौंप ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज लांजी।

जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत पंचायत में कार्यरत रोजगार सहायकों को तीन महीने से वेतन नहीं मिला है, जिसके कारण उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में कई रोजगार सहायक इस समस्या से जूझ रहे हैं। इस देरी के कारण कर्मचारियों को कमरे का किराया, बच्चों के स्कूल की फ ीस और अन्य घरेलू खर्चों को पूरा करने में मुश्किल आ रही है। इस संबंध में ग्राम रोजगार सहायकों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लांजी को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने अपने वेतन भुगतान, आयुष्मान कार्ड का भुगतान और शासन के निर्देश अनुसार वित्तीय प्रभार देने की मांग की है। ग्राम रोजगार सहायकों का कहना है कि उन्हें जुलाई, अगस्त और सितंबर का वेतन अभी तक नहीं मिला है। इसके अलावा, उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाए थे जिसका भुगतान भी नहीं किया गया है। ग्राम रोजगार सहायकों ने शासन के निर्देश का हवाला देते हुए कहा कि जिन पंचायतों में सचिव को अतिरिक्त प्रभार दिया गया हैए वहां के रोजगार सहायकों को सचिव का प्रभार दिया जाना चाहिए। ग्राम रोजगार सहायकों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी से अनुरोध किया है कि उनकी मांगों का शीघ्र निराकरण किया जाए।

**खबर संक्षेप**

### घंसौर में एक शख्स की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले के घंसौर में एक शख्स की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब शख्स रेलवे पटरियों के पास मवेशी



चरा रहा था। मृतक 55 साल का होमन पिता गुलाकी यादव है। वह घंसौर बिजली ऑफिस के पास का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब एक बजे वह शहडोल एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि फिलहाल मर्ग कायम कर आगे की जांच की जा रही है।

# लखनवाड़ा पुलिस ने किया ग्राम मड़वा में हुई हत्या का खुलासा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** थाना लखनवाड़ा में दिनांक 02.10.2025 को ग्राम मड़वा में एक व्यक्ति की लाश मिलने की सूचना प्राप्त हुई। मृतक शिवकुमार वर्मा पिता स्व. जगदीश वर्मा उम्र 35 साल निवासी मडया का होना पाया गया। शिवकुमार वर्मा के शरीर पर चोंट के निशान एवं घटनास्थल की जांच पर शिवकुमार वर्मा की मृत्यु मारपीट से आई चोंटो एवं गला दबाकर हत्या करना पाये जाने पर प्रार्थी कमलेश वर्मा पिता रामजी वर्मा उम्र 50 साल निवासी मडवा की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध कमांक 458/2025 धारा 103(1) बीएनएस का प्रकरण का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पाण्डे के कुशल नेतृत्व में थाना प्रभारी लखनवाडा द्वारा हत्या के अज्ञात आरोपी की तलाश पतासाजी हेतु एक टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा मुखबिर सूचना एवं सायबर सेल की मदद से मृतक शिवकुमार वर्मा की हत्या करने वाले आरोपी हरिराम उर्फ राजू पिता दिमाकचंद वर्मा उम्र 35 साल निवासी मडवा से पूछताछ की गई। आरोपी हरिराम वर्मा उर्फ राजू द्वारा दिनांक 01.10.2025 को शाम के समय मूलक शिवकुमार वर्मा के साथ में बैठकर शराब पीने के दौरान मृतक शिवकुमार वर्मा के द्वारा आरोपी को गाली गलौच किया जिसके कारण दोनों के बीच हाथा पाई हुई जिस पर आरोपी ने मृतक शिवकुमार को धक्का दे दिया और पास में पड़े बांस के डण्डे से व मुंह में घूंसा मारा तथा जमीन में गिराकर मुंह और गला दबाकर हत्या करना बताया।

आरोपी हरिराम उर्फ राजू वर्मा पिता दिमाकचंद वर्मा उम्र 35 साल निवासी मड़वा को दिनांक 07.10.2025 के 16.30 बजे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। आरोपी हरिराम उर्फ राजू पिता दिमाकचंद वर्मा उम्र 35 साल निवासी मड़वा थाना सराहनीय कार्य लखनवाडा जिला सिवनी 1- निरीक्षक सी.के. सिरामें थाना प्रभारी



### डूंडासिवनी पुलिस ने ढूंढे 19 गुमे मोबाइल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** थाना डूण्डासिवनी प्रभारी सतीश तिवारी द्वारा थाना स्तर पर स्वयं के नेतृत्व में आरक्षक अंशुमन राजपूत, विक्रम देशमुख, कृष्ण कुमार भालेकर की विशेष टीम गठित कर थाना में प्राप्त गुम मोबाइल आवेदनों को एकत्रित कर बड़ी मेहनत व लगन से कार्य करते हुए तकनीकी सहायता एवं विशेष प्रयास से गुम हुए 19 आवेदकों के 2 लाख 90 हजार कीमति मोबाइल फोन को खोजने में सफलता प्राप्त की। मोबाइल फोनों का आज दिनांक 08.10.2025 दिन बुधवार को नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति पूजा पाण्डेय, थाना प्रभारी डूण्डासिवनी सतीश तिवारी एवं उनके स्टाफ द्वारा गुम मोबाइल आवेदकों को सौंपे गए। गुम मोबाइल पाकर उनके धारकों व्दारा डूण्डासिवनी पुलिस का सहर्ष आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया गया। यह क्रम आगे भी जारी रहेगा।

### मंजू जैन की हत्या करने वाले पति ,देवर और दोस्त को आजीवन कारावास

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लखनादौन क्षेत्र के चर्चित मंजू जैन हत्याकांड में न्यायालय ने पति, देवर और उनके दोस्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने मिलकर मंजू जैन की रस्सी से गला घोंटकर हत्या की थी और शव को ग्राम गोरखपुर बारूबंध रोड स्थित खेत में फेंक दिया था। आई टी वी मीडिया को प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 25 फरवरी 2024 की रात 12.30 बजे से 2.30 बजे के बीच ग्राम धनौरा में घटित हुई थी। मृतका मंजू जैन की हत्या उसके पति राजेश जैन, देवर धीरज जैन (दोनों निवासी ग्राम धनौरा) और उनके मित्र नरेश डेहरिया (निवासी अकबर वार्ड, सिवनी)ने मिलकर की थी। तीनों ने मिलकर मंजू जैन की गला घोंटकर हत्या की और शव को ग्राम गोरखपुर-बारूबंध रोड किनारे मकबूल के खेत में फेंक दिया था।मृतका का शव अज्ञात अवस्था में मिलने पर थाना लखनादौन में अपराध क्रमांक 110/24 धारा 302, 201, 34 आईपीसी के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान मोबाइल कॉल रिकॉर्ड और साक्ष्यों के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ अपराध सिद्ध पाया गया।शासन की ओर से इस प्रकरण की पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती कीर्ति तिवारी द्वारा की गई। प्रस्तुत साक्ष्य और तर्कों पर विचार करते हुए दिनांक 7 अक्टूबर 2025 को माननीय न्यायालय, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमान संजीव कुमार पालीवाल, लखनादौन ने तीनों आरोपियों को धारा 302/34, 201 भादवि के तहत आजीवन कारावास एवं 7-7 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया ।

# रिश्वत लेकर कर रहे जनता का काम,वीडियो हुआ वायरल

**केवलारी। सिविल अस्पताल केवलारी में पदस्थ महिला डॉक्टर श्रीमती सुजाता गेडाम एवं उनके पति डॉ. प्रदीप गेडाम पर मरीजों से खुलेआम रिश्वत लेकर काम करने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।**

हरिभूमि समाचार उक्त वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। बताया जा रहा है कि इन दोनों ही गेडाम दंपत्ति की विवादित कार्यप्रणाली के चलते पूर्व में इन्हें लांजी अस्पताल से मेडिकल स्टोर से कमीशनबाजी, डिलीवरी के नाम पर मरीजों से रुपयों की मांग जैसे गंभीर आरोपों के चलते लांजीवासियों द्वारा सर्वदलीय आंदोलन के बाद स्थानांतरित किया गया था किंतु केवलारी में पदस्थापना के बाद भी इनकी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं हुआ है।

#### मरीजों से प्राइवेट फीस और दवा कमीशन का खेल

सूत्रों के अनुसार, अस्पताल में उपचार हेतु आने वाले गरीब एवं असहाय मरीजों से यह डॉक्टर दंपत्ति प्राइवेट इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूल रहे हैं। यही नहीं, महिला डॉक्टर श्रीमती गेडाम पर आरोप है कि उन्होंने कुछ



चुनिंदा मेडिकल स्टोर्स से सांठगांठ कर रखी है, जिनसे कमीशन लेकर मरीजों को महंगी और बाहर की दवाइयाँ लिखी जाती हैं। इससे सरकारी अस्पताल की निःशुल्क चिकित्सा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

#### डॉ दंपत्ति की नौकरी सरकारी पर इलाज प्राइवेट

इन दिनों इन डॉ दंपत्ति द्वारा अस्पताल में आने वाले मरीजों को अपने निवास पर बुलाकर प्राइवेट इलाज किया जा रहा है जिससे केवलारी क्षेत्र की जनता इन डॉ दंपत्ति की लूट का शिकार हो रहे हैं। इसके साथ ही डिलेवरी के लिए आने वाली महिलाओं को भी प्राइवेट में इलाज करवाने के लिए अपने घर बुलाने के भी गंभीर आरोप लग रहे हैं। सूत्रों की माने तो इन दंपत्ति द्वारा अस्पताल के ड्यूटी टाइम में अनुपस्थित रहते हुए प्राइवेट क्लीनिक चलाते देखा गया है।

#### रिश्वत लेकर बनाए जा रहे फर्जी स्वास्थ्य प्रमाणपत्र

मामले ने तब तूल पकड़ा जब एक व्यक्ति अपने पुत्र का फिटनेस सर्टिफिकेट बनवाने अस्पताल पहुंचा। आरोप है कि डॉक्टर दंपत्ति ने उस व्यक्ति से 200 रुपए लेकर पाँच दिन बाद का फिटनेस प्रमाणपत्र जारी किया। इस घटना को स्थानीय पत्रकार प्रवीण दुबे ने मौके पर देखा और सवाल उठाए। पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने स्वयं स्वीकार किया कि डॉक्टर द्वारा उससे 200 रुपए लिए गए हैं। पत्रकार द्वारा बनाई गई घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें डॉ. गेडाम द्वारा पैसे लेकर प्रमाणपत्र बनाना स्वीकार किया गया है। वीडियो वायरल होने के बाद अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली और डॉक्टर दंपत्ति की भूमिका पर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं।

#### जनता में रोष, कार्रवाई की मांग

इस पूरे मामले के उजागर होने के बाद केवलारी क्षेत्र की जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोग इन डॉक्टर दंपत्ति पर कड़ी विभागीय जांच और तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से भी इस संबंध में प्रतिक्रिया मांगी जा रही है, किंतु अब तक किसी प्रकार की आधिकारिक टिप्पणी सामने नहीं आई है।

## कोल्ड्रिफ सिरप के सेवन से हुई शिशुओं की मृत्यु पर आईएमए सिवनी ने व्यक्त किया शोक

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

छिंदवाड़ा जिले में कोल्ड्रिफ सिरप के सेवन से हुई शिशुओं की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु पर आईएमए सिवनी शोक व्यक्त करता है। समस्त चिकित्सकों की संवेदना पीड़ित परिवारों के साथ है।

अभी तक की जांच से स्पष्ट है कि शिशुओं की मृत्यु का कारण दवा में डाई इथाईलीन ग्लाइकोल की मिलावट से किडनी फेल हो जाना है। किसी भी दवा के निर्माण, गुणवत्ता परीक्षण तथा बाजार में इसके विक्रय में चिकित्सक की कोई भी भूमिका नहीं होती है। इसके लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिम्मेदार होता है। खेद का विषय है कि शासन द्वारा इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के जिम्मेदार दवा निर्माता तथा अधिकारियों पर कार्यवाही न करते हुए एक चिकित्सक को गिरफ्तार किया है।

आईएमए सिवनी इस अन्यायपूर्ण कार्यवाही का विरोध करता है और शासन से मांग करता है कि संबंधित चिकित्सक को तत्काल रिहा किया जाए। आईएमए ने दिनांक 8 अक्टूबर 2025 को आईएमए सिवनी के समस्त चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर चिकित्सकीय कार्य कर अपना विरोध प्रदर्शित किया।

# कान्हीवाड़ा स्टेशन की समस्या का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सिवनी जिले के एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के सबसे बड़े हाल्ट स्टेशन कान्हीवाड़ा, की विकराल समस्या का निराकरण हुआ यात्रियों को स्टेशन आने जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था एवं रेलवे अंडर ब्रिज में भयंकर पानी भर जाने से सैकड़ो ग्रामीणों का आना-जाना रूक जाया करता था इस विकराल समस्या को शीघ्र निरीक्षण करने के लिए सिवनी रेलवे स्टेशन के उद्घाटन में आए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के डीआरएम महोदय को क्षेत्रीय नागरिकों के हस्ताक्षर युक्त एक ज्ञापन



क्षेत्र के जागरूक नागरिक एम नईम खान के माध्यम से प्रेषित किया गया एवं इस विकराल समस्या के शीघ्र निराकरण के लिए तर्कसंगत बात कर मन की गई जिसे गंभीरता से लेते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डीआरएम ने तत्काल कार्य स्वीकृति किया आज वह एप्रोच रोड और नाली का निर्माण पूर्ण हो चुका है क्षेत्री नागरिकों रेल विभाग के सभी आला अधिकारियों का आभार व्यक्त किया एवं रेलवे एप्रोच रोड पर आगे स्ट्रीट लाइट के दो खंबे बनाए जाने की मांग रखी जिस पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आग्रह किया गया।



# राष्ट्र के लिए मध्यस्थता: 90 दिवसीय विशेष अभियान के माध्यम से 4,552 मामले सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाए गए

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) और मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति (एमसीपीसी) के निर्देशों के अनुसार 01.07.2025 से 07.10.2025 तक राष्ट्र के लिए मध्यस्थता नामक एक विशेष अखिल भारतीय अभियान शुरु किया गया।

इस 90 दिवसीय गहन अभियान का उद्देश्य राज्य भर में तालुका न्यायालयों से लेकर उच्च न्यायालयों तक न्यायपालिका के सभी स्तरों पर मध्यस्थता के माध्यम से लंबित मामलों का निपटारा करना था।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा की प्रेरणा से मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन के कुशल मार्गदर्शन में, यह अभियान न्यायालयों में लंबित मामलों को उचित ढंग से सुलझाने तथा मध्य प्रदेश के हर कोने में विवाद समाधान के एक उपयोगकर्ता-अनुकूल तरीके के रुप में मध्यस्थता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाया गया।

अभियान के दौरान, मध्यस्थता के माध्यम से कुल 4,552 मामलों का सफलतापूर्वक निपटारा किया गया, जिनमें काफी संख्या में लंबे समय से लंबित पुराने मामले भी शामिल थे। निपटाए गए मामलों में वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस मामले, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, बंटवारा, बेदखली, भूमि अधिग्रहण और अन्य संबंधित दीवानी मामले शामिल थे। इसी प्रकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी एवं उसके अंतर्गत आने वाली समस्त तहसील विधिक सेवा समितियों द्वारा 166 प्रकरण का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि ''राष्ट्र के लिए मध्यस्थता'' अभियान, नालसा और सर्वोच्च न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति (एमसीपीसी) द्वारा 1 जुलाई, 2025 से शुरु होने वाला एक राष्ट्रव्यापी 90-दिवसीय अभियान है। इसका उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से लंबित मामलों के समाधान में तेजी लाना और लागत-कुशल तथा समय-बचत विवाद समाधान तंत्र के रुप में इसकी प्रभावशीलता के बारे में जन जागरुकता बढ़ाना है।

## शहीद मेले का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जंगल सत्याग्रह शहीदों की स्मृति में गुरूवार 09 अक्टूबर को कुरई विकासखंड के ग्राम टुरिया में शहीद मेले का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती भारती पारधी होंगी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री फग्गन सिंह कुलस्ते करेंगे। कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक बरघाट श्री कमल मर्सकोले, विधायक सिवनी श्री दिनेश राय, विधायक केवलारी श्री रजनीश सिंह, विधायक लखनादौन श्री योगेन्द्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, जनपद अध्यक्ष कुरई श्री लोचन सिंह मर्सकोले, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री राकेश सनोडिया सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रहेगी।

उल्लेखनीय है कि 09 अक्टूबर 1930 को जंगल सत्याग्रह में अपने प्राणों की आहूति देने वाले आदिवासी शहीद श्रीमती रेनों बाई, श्रीमती मुड्डे बाई, श्रीमती देभो बाई तथा बिरजू भोई के सम्मान में मुख्यमंत्री जी की घोषणा अनुसार प्रतिवर्ष ग्राम टुरिया में स्थापित शहीद स्मारक में प्रतिवर्ष शहीदों की स्मृति में शहीद मेले का आयोजन किया जाता है।

### सीलादेही में एड्स सघन जागरूकता का किया गया आयोजन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस सिवनी में संचालित रेड रिबन क्लब प्रभारी प्रो गनेश कुमार मंतारे के मार्गदर्शन में 8 अक्टूबर 2025 को प्राचार्य डॉ रवि शंकर नाग के संरक्षण में एवं जिला चिकित्सालय सिवनी एड्स नियंत्रण समिति सिवनी के समन्वय से ग्राम सीलादेही में एड्स सघन जागरूकता का आयोजन किया गया। ग्राम सीला देही में एनएसएस स्वयंसेवकों के द्वारा विशाल स्वास्थ्य रैली निकाली गई ।तत्पश्चात आंगनबाड़ी केंद्र में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया इस विशेष शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती संगीता सनोडिया, आंगनवाड़ी सहायिका मीना राम कुमारी शुक्ला एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में जिला चिकित्सालय सिवनी से परामर्शदाता श्री अशोक गोवंशी की रही। विशेष शिविर में जिला चिकित्सालय सिवनी एड्स विभाग से परामर्शदाता श्री अशोक गोवंशी द्वारा बताया गया कि एचआईवी संक्रमण के लक्षण चरण के अनुसार बदलते रहते हैं और यह लक्षण दो चार सप्ताह बाद फ्लू जैसे हो सकते हैं जैसे-जैसे तेज बुखार सिर दर्द मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द गले में खराश त्वचा पर चकते दस्त और साथ ही एचआईवी को नियंत्रित करने और प्रतिरक्षा प्रणाली को बचाने का सबसे प्रभावित तरीका एआरटी है।

### विभारी मे मिशन हस्ताक्षर अभियान को लेकर ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन

**केवलारी-** आल इंडिया कांग्रेस के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी के अध्यक्ष नरेश मरावी के द्वारा केवलारी- विधानसभा 116 मे वोट चोर गद्दी छोड़ के हस्ताक्षर अभियान को लेकर विधानसभा के लिये नियुक्त प्रभारी रमाशंकर महोबिया सहप्रभारी मुकेश सिंह राजपूत के द्वारा सघन ब्लॉक स्तरीय दौरा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।हस्ताक्षर अभियान को सफल करने के लिये दिनांक 8 अक्टूबर को उगली ब्लॉक का दोरा कर ग्राम विभारी मे वीरेंद्र राज पप्पू ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष के निवास पर मोहम्मद शब्बीर अंसारी वारिष्ठ नेता की उपास्तिथी मे बैठक रखी गई ।जिसमें पर्यवेक्षकों के द्वारा बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी की हिटलरशाही सरकारे सत्ता के लिए फर्जी तरीके से मतदाताओं के नाम वोटालिस्ट मे जोड़कर सत्ता पाने मे सफल हो रही है,श्री राहुल गांधी ने इसका पर्दाफाश कई राज्यों में किया हुआ है,समुचे राष्ट्र मे वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान चलाया गया है,सिवनी जिले की केवलारी- विधानसभा 116 मे बुथ स्तर पर हस्ताक्षर अभियान सफल करने के लिये आयोजित इस बैठक ब्लॉक उगली श्री मति गायत्री पप्पू ठाकुर जिला पंचायत सदस्य ,जगदीश गढेबाल,बाबू लाल विसेन संतोष ठाकुर, गुलाब , शिवराज ठाकुर, इमरान अंसारी, दुर्गेश नागेश्वर, अनिल ठाकरे,हीरालाल भावेश्वर, गणेश विश्वकर्मा, रोहित विसेन, भुवन लाल विसेन, सुभाष विसेन, मनीष पंचेश्वर, अरविंद चौधरी, नवीन खरे ,प्रेमशंकर पंचेश्वर सहित मंडलम के प्रभारियों सेक्टर के प्रभारियों बुथ अध्यक्षो की उपास्तिथी थी।

## एनसीसी का महत्व बताये सूबेदारों ने



सांदीपनि विद्यालय केवलारी में 1 एमपी आर्टी जबलपुर के सूबेदार मेजर राकेश कुमार एवं पी उमेश पटेल, कमल पटेल द्वारा एनसीसी कैडेट्स से मिलने और उन्हें एनसीसी का महत्व और उद्देश्य से अवगत कराया तत्पश्चात पूरे स्टाफ से मिलने एवं विद्यालय का निरीक्षण प्राचार्य श्रीमान एल आर बछलिया एवं एनसीसी अधिकारी श्रीमती विनीता बघेल एवं समस्त स्टाफ के नेतृत्व में किया गया एनसीसी सीनियर कैडेट सक्षम सिसोदिया, छवि गोस्वामी ,राखी कटरे,दीपेश चौधरी एवं कुलदीप पटले के द्वारा पायलटिंग करते हुए सूबेदार मेजर एवं पी आई का विद्यालय में स्वागत किया गया

## केवलारी मे राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत 197 वरिष्ठजनों का हुआ चिन्हांकन

**सिवनी /** भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाने हेतु चिन्हांकन एवं मूल्यांकन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमति शीतला पटले के निर्देशन में तथा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (**ALIMCO**) के सहयोग से लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में 7 अक्टूबर 2025 को केवलारी जनपद में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 197 हितग्राहियों में 161 हितग्राही जनपद पंचायत केवलारी एवं 36 हितग्राही नगर परिषद केवलारी के शामिल हुए। शिविर में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयनए स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपकरणों की आवश्यकताओं का मूल्यांकन किया गया।

योजना के अंतर्गत प्रदाय किए जाने वाले उपकरणों में श्रवण यंत्र, चश्मा, छड़ी, बैसाखी, व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, वॉकर, कृत्रिम दांत तथा चलने-फिरने में सहायक अन्य उपकरण शामिल हैं। ये सभी उपकरण पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क प्रदान किए जाते हैं।

प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्री संदीप परते ने बताया कि राष्ट्रीय वयोश्री योजना का उद्देश्य उन वरिष्ठ नागरिकों को सहायता प्रदान करना है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और जिनको दैनिक जीवनयापन के लिए सहायक उपकरणों की आवश्यकता है। जिले के जनपद पंचायत बरघाट में 9 अक्टूबर 2025 को तथा जिला मुख्यालय सिवनी में 10 अक्टूबर 2025 को स्मृति लॉन बारापत्थर में शिविर आयोजित किए जाएंगे ताकि सभी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके।

## भाजपा मंडल के नव नियुक्त पदाधिकारियों का परिचय एवं सम्मान समारोह सम्पन्न

# विधायक दिनेश राय मुनमुन व मीना बिसेन ने दी संगठन सशक्त करने की प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सिवनी में सिवनी विधानसभा क्षेत्र के पाँच मंडलों की नवगठित कार्यकारिणियों का परिचय एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन एवं सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन सहित जिला नेतृत्व और मंडल अध्यक्षों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा संगठन की मजबूती और अनुशासन के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई।

#### मीना बिसेन ने दिए संगठनात्मक जिम्मेदारी निभाने के मंत्र

भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने पाँचों मंडलों के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि पार्टी के सभी कार्यक्रमों को सफलता से सम्पा कराना, केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाना तथा संगठन के जनहित कार्यों का व्यापक प्रचार करना आप सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर गंभीरता से संपा किया जाए और संगठन ऐप पर इसकी समय पर फीडिंग सुनिश्चित हो। यह पार्टी की निष्ठा और अनुशासन का प्रतीक है।



#### विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा पद जिम्मेदारी का प्रतीक, सम्मान सबका

सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मंडलों में अनेक योग्य कार्यकर्ता होते हैं, परंतु हर किसी को पद मिलना संभव नहीं। जिम्मेदारी सौंपते समय पार्टी के मापदंडों और जातीय-सामाजिक समीकरणों के साथ मातृशक्ति के प्रतिनिधित्व का ध्यान रखा जाता है। जिन्हें जिम्मेदारी मिली है, वे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान करें और किसी व्यक्ति नहीं, बल्कि संगठन की मजबूती के लिए कार्य करें।

#### माल्यार्पण, सम्मान और संगठन की एकजुटता का संदेश

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, महर्षि वाल्मीकि जी,पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर हुई। तत्पश्चात मंडल अध्यक्षों और पदाधिकारियों ने मंचासीन अतिथियों का पुष्पमालाओं व स्मृति चिन्हों से स्वागत किया।इस दौरान सिवनी विधानसभा के उत्तर, दक्षिण, बंडोल, बीजादेवरी, करकोटी और लखनवाड़ा मंडलों के पदाधिकारियों ने परिचय दिया और संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष आनंद शर्मा, जिला मंत्री अभिजीत चौहान, भाजपा सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी, गोपाल पवमे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंच संचालन दक्षिण मंडल महामंत्री राजेश (राजू) यादव ने किया।मंडल अध्यक्षों में युवराज सिंह राहंगडाले (उत्तर मंडल),अभिषेक दुबे (दक्षिण मंडल), जयदीप ठाकुर (बंडोल मंडल), रामजी चंद्रवंशी (करकोटी मंडल), शंकरलाल उट्टी (बीजादेवरी मंडल), नीतेश सनोडिया (लखनवाड़ा मंडल) उपस्थित रहे और सभी ने सम्मान समारोह में भाग लिया।

## महिलाओं ने कहा गांव में बिक रही शराब से हो रही घरेलू हिंसा, विकास में भी बाधा

# ग्राम भालवा में जुआ -सट्टा, अवैध शराब बिक्री को लेकर रैली निकाल, थानेदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर/हट्टा।



ग्राम पंचायत भालवा को जुआ सट्टा व शराब और महिला हिंसा से मुक्त कराकर आदर्श गांव स्थापित करने के लिए महिला समूह ने मोर्चा खोल दिया है। ब्लाक मुख्यालय किरनापुर से लगे ग्राम पंचायत भालवा में महिलाओं व बच्चों ने रैली और नारेबाजी कर लोगों से इन बुराइयों से दूर रहने को कहा। वहीं महिलाओं की इस पहल का ग्रामवासियों ने सराहना करते हुए उनके मोर्चाबंदी में शामिल होने पर सहमति दी है।भालवा में सार्वजनिक महिला समूह व पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामवासी ने जुआ सट्टा व पूर्ण शराबबंदी के लिए रैली निकाल कर गांव के हर मोहल्ले व चौक चौराहों में नारेबाजी की। इस समूह से जुड़ी महिलाओं ने बताया कि गांव में लोगों को जुआ सट्टा व शराब के नशे की लत से दूर रखना इस रैली का प्राथमिक लक्ष्य है। घर में होने वाले हिंसा का प्रमुख कारण भी जुआ सट्टा व नशा होता है। इसके साथ ही लोगों को कानून से जुड़ी जानकारी भी दी। वहीं महिला सामिति के सदस्यों ने बताया कि घरेलू हिंसा का सबसे बड़ा कारण शराब है।ग्रामीण क्षेत्र के विकास के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा भी यही है। उन्होंने प्रदेश सरकार की आबकारी नीति पर हमला बोलते हुए कहा कि एक ओर जहां प्रदेश सरकार शराबबंदी की बात कहती है, वही स्वयं शराब दुकान का संचालन भी करती है। इस अवैध कारोबार को रोकने के किए स्थानीय थाना किरनापुर को आवेदन दिए हैं। अगर अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लगता है तो हम सभी जिला बालाघाट एसपी के पास जाने की बात कही। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पदाधिकारी श्रीमती अल्केश्वरी /अमृत रांहगडाले सरपंच ,योगराज पटले उप. सरपंच ,दीपक जामरे सहायक सचिव, लक्ष्मी चंद बाहे सचिन ,सार्वजनिक समिति ग्राम भालवा के पदाधिकारी जिसमें अध्यक्ष डॉ. चंदन शरणागत, उपाध्यक्ष डॉ. सुभाष रंगारे, कोषाध्यक्ष शालिकराम उइके , महासचिव संजय भौतेकर, सचिव शेखर शरणागत, सह सचिव ईश्वरी पटले, संचालक अमृत राहंगडाले, सहसंचालक प्रमोद पांचे, संयोजक संतलाल पांचे, सहसंयोजक अनिल बिसेन ,संरक्षक पन्नालाल चामलाटे, सह संरक्षक ज्ञान दास वेघ और भी अन्य समूह की महिलाएं शामिल हुई।

## वनाधिकार पट्टों की मांग को लेकर 'घेरा डालो-डेरा डालो' आंदोलन




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में आदिवासियों ने वनाधिकार पट्टों की मांग को लेकर 'घेरा डालो-डेरा डालो' आंदोलन शुरू किया है। आदिवासी संगठनों का आरोप है कि जिले के 90 प्रतिशत आदिवासियों को अभी तक वनाधिकार पट्टे नहीं मिले हैं, जबकि उनके सामूहिक और व्यक्तिगत दावों को रद्द किया जा रहा है। इसके अलावा कान्हा क्षेत्र के तीन गांवों के विस्थापन को लेकर भी नाराजगी है।

जिले के सभी आदिवासी संगठनों ने एकजुट होकर बुधवार और गुरुवार को इस आंदोलन का आह्वान किया है। इसके तहत आदिवासी क्षेत्रों के लोगों को बुलाकर उनकी समस्याओं को सार्वजनिक जनसुनवाई के माध्यम से सुना जा रहा है। इन समस्याओं को एकत्रित कर गुरुवार को प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

आंदोलन के पहले दिन बुधवार को हजारों आदिवासी अंबेडकर चौक पर रैली के रूप में पहुंचे। यहां एक जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें वनग्रामों और जिले के बैहर, परसवाड़ा, बिरसा, कटंगी तथा लांजी क्षेत्रों से आए आदिवासी समाज ने अपनी काबिज भूमि के पट्टों की मांग रखी।

मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद के जिलाध्यक्ष दिनेश धुर्वे ने दावा किया कि आंदोलन के पहले दिन पूरे जिले से लगभग 5 हजार आदिवासी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इन आदिवासियों के सामूहिक और व्यक्तिगत पट्टों के दावों को रद्द कर दिया गया है। धुर्वे के अनुसार, 90 प्रतिशत आदिवासियों को वनाधिकार पट्टे नहीं मिले हैं, बल्कि उन्हें विस्थापन के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिसके कारण वे पलायन कर रहे हैं।

### बीते 24 घंटे में जिले में 04 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र के दौरान बालाघाट जिले में 01 जून से 08 अक्टूबर 2025 तक 1286 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 1220 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है। 08 अक्टूबर को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान जिले में 04 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है।

## समर्थन मूल्य पर धान विक्रय के लिए 97 हजार 92 किसानों का हुआ पंजीयन

### पंजीयन की अंतिम तारीख 10 अक्टूबर

**बालाघाट।** चालू खरीफ सीजन में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित है। अब तक जिले के 97 हजार 92 किसानों ने अपना पंजीयन करा लिया है। जिले के किसानों से अपील की गई है कि वे 10 अक्टूबर तक अपना पंजीयन अवश्य करा लें। पंजीयन होने पर ही किसान अपनी धान समर्थन मूल्य पर विक्रय कर सकेंगें।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरएस ठाकुर ने बताया कि धान पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2025 निर्धारित है। 08 अक्टूबर तक जिले की 11 तहसीलों में 97 हजार 92 किसानों द्वारा धान का पंजीयन कराया गया है। जिसमें लालबर्रा तहसील से 13816, खैरलांजी से 12110, वारासिवनी से 11423, बालाघाट से 10361, किरनापुर से 10021, लांजी से 9587, बिरसा से 7836, कटंगी से 7557, परसवाड़ा से 5493, तिरोड़ी से 4775 एवं बैहर तहसील से 4053 किसानों ने धान उपार्जन के लिए अपना पंजीयन कराया है। पंजीयन कराने से शेष रह गये किसानों से अपील की गई है कि वे भी समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री के लिए 10 अक्टूबर तक अपना पंजीयन अवश्य करायें। किसान सहकारी समिति के केन्द्र या एमपी आनलाईन कियोस्क से अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## मुस्लिम सामूहिक विवाह 16 नवम्बर को

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** नगर की संस्था मुस्लिम एजुकेशन एवं कल्चरल सोसायटी बालाघाट द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जश्ने ईद-ए-मिलाद उन नबी के शुभ अवसर पर 16 नवम्बर 2025 दिन ईतवार को बैहर रोड स्थित अंजुमन शादी हाल में मुस्लिम सामूहिक विवाह में 16 जोडो का विवाह होगा। पंजीयन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर शाम 5 बजे तक थी। जिसके अंतर्गत इच्छुक जोडो ने अपना पंजीयन कराया। विगत 2011 से यह संस्था उपरोक्त विवाह का आयोजन कर रही है। जिसमें किसी प्रकार की सरकारी सहायता नहीं ली जाती। इसमें प्रमुख भागीदारी मुस्लिम समाज और अन्य समाजसेवा में रूचि रखने वाले व्यक्तियों की रहती है। आयोजन समिति की तरफ से दुल्हा दुल्हन को जीवन यापन के लिये आवश्यक सामान उपहार के रूप में दिये जाते है। अब तक 200 से ज्यादा जोडे विवाह बंधन में बंधकर अपना सफल जीवन जी रहे है। आयोजन समिति ने दानदाताओं से अपेक्षा की है। पूर्व की तरह इस वर्ष भी वह बढ चढ़कर इस समाज उपयोगी महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग प्रदान कर इसे सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में अपना योगदान देगें। गत वर्ष 25 जोडो का विवाह किया गया था। इस कार्य में दुल्हा दुल्हाने दोनो पक्षों से 5-5 हजार रूपये पंजीयन के जमा कराये जाते है। इतना ही नहीं विगत माह सोसायटी द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मुस्लिम मेघावी छात्र- छात्राओं को सम्मानीत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया था। जिसमें जिले भर के 78 बच्चे लाभन्वित हुए। सामूहिक विवाह की संपूर्ण प्रक्रिया सुन्नी रीतिरिवाज से सम्पन्न कराई जाती है।

## ग्राम ग़र्रा मे राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का हुआ आयोजन





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत 08 अक्टूबर क़ो सेक्टर बेहरई के ग्राम ग़र्रा मे महिला बाल विकास लालबर्रा के द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया गया। जिसमे जनप्रतिनिधि सरपंच वैभव विसेन, पंच श्रीमति जुबेदा शाह, भंडार गृह के मैनेजर इन्दर डेहरिया, माध्यमिक शाला की प्रधानाध्यपक श्रीमती क्षत्रिय, परियोजना अधिकारी श्रीमति रानू शिवहरे एवं सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती प्रिया ठाकुर की उपस्थिति थे।

कार्यक्रम की थीम समुदाय में उम्र के अनुसार उपयुक्त आहार स्वच्छता पर स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्री का उपयोग और मोटापा नियंत्रण नमक, चीनी और तेल के उपयोग को कम करना, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ECCE) ,पोषण भी पढ़ाई भी, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए समुदाय आधारित IYCF परामर्श सत्र के अनुसार हितग्राहियों को समझाइश दी गयी। सैम एवं मैम श्रेणी के बच्चों क़ो पोषण किट और फल का वितरण केंद्रीय भंडार गृह विभाग के द्वारा करवाकर नवाचार किया गया और परियोजना अधिकारी द्वारा वोकल फ़ॉर लोकल पर स्थानीय परंपरागत व्यंजनों का महत्व बताया गया। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र में आम, गुलमोहर, आवला का पौधा लगाया गया एवं पोषण प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से इनका योगदान सराहनीय रहा ग्राम पंचायत सचिव विकास मेश्राम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनीशा बानो, कार्यकर्ता ममता बाहेश्वर, संध्या सूर्यधर, मनोरमा सूर्यधर, शीला रोकड़े, ज्योति मिश्रा, सहायिका मीना बारेकर, अनीता बारेकर, अंकु बारेकर, शहनाज़ खान, नसरीम खान, ममता बारेकर।

## खैरलांजी जनपद में दिव्यांगजनो को मिले उपकरण, खिल उठे चेहरे



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से खैरलांजी जनपद में अचंल के चयनित दिव्यांग जनो एंव वृद्धजनो को उपकरण वितरण मंगलवार 7 अक्टूबर को किए गए । उपकरण प्राप्त कर दिव्यांग जनो व वृद्धजनो के चेहर खिल उठे । जिन्होंने खुशी जाहिर करते हुए उपकरण प्राप्त किए।बताया गया की पूर्व में शिविर आयोजित किया गया था ,जिसके माध्यम से दिव्यांगजनो एंव वृद्धजनो को उपकरण के लिए चिन्हित किया गया था। सामाजिक न्याय एंव दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के द्वारा खैरलांजी जनपद स्तर में चयनित हुए 152 दिव्यांगजन एंव 214 वृद्धजनो को उपकरणो का वितरण किया जा रहा है। बताया गया की दिव्यांगजन को उपकरण जिला स्तर पर भी वितरण किए गए जो वहा नही पहुंच सके उनकी सुविधा के अनुसार यहाँ लाकर दिव्यांगजन एंव वृद्धजनो को उपकरण वितरण किए जा रहे है।

## सांसद खेल महोत्सव में जिला कराटे प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ी जिला स्तर के लिए चयनित

**बालाघाट।** जिला कराते प्रशिक्षण केंद्र बालाघाट में सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत 08 अक्टूबर को चयन कराते स्पर्धा आयोजन का शुभारंभ किया गया। बालाघाट- सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी के मार्गदर्शन में तथा श्री गणेश अग्रवाल एवं डॉक्टर श्री अक्षय कटरे विधानसभा प्रभारी सांसद खेल महोत्सव की उपस्थित में यह आयोजन किया गया । इस आयोजन में बालका वर्ग में करण चौधरी प्रथम एवं अरुणय निकूते ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह बालिका वर्ग में वैभवी पिछड़े, साहिल तुमसरे एवं प्रणय लांजेवार ने प्रथम तथा वाणी राऊत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## विश्व डाक दिवस पर राष्ट्रीय डाक सप्ताह का आयोजन

### डाक विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभ पहुंचाने 10 अक्टुबर तक चलाया जाएगा राष्ट्रीय डाक सप्ताह

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारतीय डाक विभाग देश की संचार व्यवस्था की रीढ़ है और पिछले 150 वर्षों से अधिक समय से सामाजिक एवं आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभा रहा है। डाक विभाग पत्रों व पार्सलों की डिलीवरी, सुकन्या समृद्धि, पीपीएफ, एमआईएस, वरिष्ठ नागरिक योजना जैसी बचत योजनाएँ, डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा, पासपोर्ट, आधार एवं अन्य नागरिक सेवाएँ प्रदान करता है।

डाक घर अधीक्षक बालाघाट संभाग श्री वाय एल धनेंद्र ने बताया कि इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से अब बैंकिंग सुविधाएँ घर-घर उपलब्ध हैं। खाता खोलना, जमा-निकासी, बिल भुगतान, बीमा आदि सेवाएँ ग्रामीण डाक सेवकों द्वारा दी जा रही हैं। इन विभिन्न योजनाओं से वित्तीय समावेशन, महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण विकास को बढ़ावा मिल रहा है। विश्व डाक दिवस एवं राष्ट्रीय डाक सप्ताह के अवसर पर डाक विभाग जनता की सेवा में अपनी विश्वसनीयता, दक्षता एवं नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता दोहराता है। इसके लिए डाक विभाग बालाघाट द्वारा आम नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने निकटतम डाकघर से संपर्क कर भारतीय डाक विभाग एवं इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की विभिन्न जनकल्याणकारी सेवाओं एवं बचत योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा इनका लाभ अवश्य उठाएँ।

## आसमान से बरसा अमृत, बांटी गई प्रसादी



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

सोमवार को समूचे कटंगी क्षेत्र में शरद पूर्णिमा का त्योहार बेहद धूमधाम उत्साह और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया. कटंगी शहर के सिवनी रोड स्थित माता मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी शक्ति का आह्वान करते हुए देवी भक्तों ने खप्पर नृत्य किया. सबसे पहले मंदिर में विधि- विधान से माता रानी की पूजा अर्चना की गई. जिसके बाद भक्त अपने हाथों में खप्पर लेकर देर रात तक देवी की भक्ति में नृत्य किया. नवरात्रि के पांचवें दिन शरद पूर्णिमा मनाई जाती है यह दिन धन की देवी मां लक्ष्मी को समर्पित होता है. इस शुभ अवसर पर मां लक्ष्मी की भक्ति भाव से पूजा की जाती है इसके साथ ही संध्याकाल में चंद्र देव की उपासना की जाती. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शरद पूर्णिमा की रात चन्द्रमा सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है. शरद पूर्णिमा के रात्रि को चन्द्रमा की किरणों से अमृत झड़ता है. इसी मान्यता को मानते हुए शरद पूर्णिमा के दिन खीर बनाई जाती है खासतौर पर वहां जहां पर देवी प्रतिमाओं की स्थापना कर 9 दिनों तक विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है. इसके अलावा घरों में भी खीर बनाकर रात 12 बजे के बाद उसे प्रसाद के रूप में बांटा जाता है।

## सोयाबीन किसानों को भावांतर योजना में पंजीयन कराने का संदेश देने निकाली गई बाईक रैली

### खेतों में नरवाई नहीं जलाने का दिया गया संदेश



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025 (विपणन वर्ष 2025-26) में ई-उपार्जन पोर्टल पर तिलहनी फसल (सोयाबीन) के लिए लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत सोयाबीन उत्पादन करने वाले किसानों का पंजीयन 03 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक किया जाना है। बालाघाट जिले के सोयाबीन उत्पादक सभी किसानों का इस योजना के अंतर्गत पंजीयन कराने के लिए 08 अक्टूबर को कृषि विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय बालाघाट से बाईक रैली निकाली गई।

अपर कलेक्टर श्री जी एस धुर्वे, उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय एवं प्रगतिशील किसान जितेन्द्र मोहारे एवं श्री यशवंत लिल्हारे ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। कलेक्ट्रेट कार्यालय से प्रारंभ रैली बालाघाट शहर का भ्रमण कर कृषि उपज मंडी गोंगलई पहुंची। रैली में तख्तियों के माध्यम से संदेश दिया गया कि सोयाबीन उत्पादक किसान 17 अक्टूबर तक भावांतर योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अपना पंजीयन अवश्य करायें। रैली के माध्यम से किसानों को संदेश दिया गया कि पर्यावरण संरक्षण एवं खेत की मिट्टी को उपजाऊ बनाये रखने के लिए खेतों में फसलों के अवशेष नरवाई, पराली न जलायें। नरवाई जलाने से पर्यावरण को नुकसान होता है मिट्टी में उपलब्ध कृषि के लिए उपयोगी कीट एवं बैक्टिरियॉ नष्ट हो जाते हैं।

बालाघाट जिले में बैहर एवं बिरसा क्षेत्र के 67 किसानों द्वारा सोयाबीन की फसल लगाई गई है। इन किसानों का 17 अक्टूबर से पहले भावांतर योजना में पंजीयन कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अब तक लगभग 40 किसानों ने भावांतर योजना में अपना पंजीयन करा लिया है।

## पति से परेशान महिला ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मध्यप्रदेश के बालाघाट में एक महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने महिला के पति निलेश तितरमारे पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। मृतक महिला की पहचान ममता तितरमारे के रूप में हुई है, जो एक हेयरड्रेसर थीं। उनका 8 साल का एक बेटा भी है।

महिला के भाई कमलेश सारवे ने बताया कि उनकी मां दो दिनों से बहन के घर पर थीं। इस दौरान जीजा निलेश और दीदी के बीच लगातार विवाद हो रहा था। निलेश नागपुर जाने के लिए दीदी से 5 हजार रुपए की मांग कर रहा था। शादी के बाद से ही जीजा दीदी को लगातार प्रताड़ित करता था। गांववालों के हस्तक्षेप के बाद एक बार ममता मायके से ससुराल लौटी थीं।

ममता का विवाह 16 अप्रैल 2017 को लालबर्रा क्षेत्र के पिपरिया निवासी निलेश तितरमारे से हुआ था। निलेश खैरलांजी के भौरगढ़ का रहने वाला है। दंपती का बेटा है। ममता घर पर महिला टेलर का काम करने के साथ-साथ ब्यूटी पार्लर भी चलाती थीं और हेयरड्रेसर के रूप में काम करती थीं। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद पति ने पिकअप वाहन बेच दिया था और पैसों के लिए ममता को परेशान करता था।

हालांकि, निलेश के पिता धनीराम तितरमारे ने बताया कि बेटे और बहू के बीच खाने को लेकर विवाद हुआ था। उन्हें ऑफिस में जानकारी मिली कि बहू ने सल्फॉस खा लिया है। इसके बाद ममता को खैरलांजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें बालाघाट रेफर किया गया। बालाघाट में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

अस्पताल चौकी प्रभारी ईश्वरदयाल पटले ने बुधवार को बताया कि तहरीर मिलने पर शव बरामद कर पंचनामा कार्यवाही की गई। शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की आगे की जांच खैरलांजी पुलिस कर रही है।

### 348 ग्रामों का 2030 तक के लिए बनाया गया एक्शन प्लान

## आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत 348 ग्रामों में आदि सेवा केंद्र स्थापित

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जनजातीय समुदायों को अपनी आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने, अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और विकास की दिशा में एक स्थायी मार्ग प्रदान करने के उद्देश्य से आदि कर्मयोगी अभियान प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में क्रियान्वित इस अभियान में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ को नोडल अधिकारी एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुन्तला डामोर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में बालाघाट जिले में इस अभियान अंतर्गत पूर्व में कुल 200 ग्रामो का चयन किया गया था, इसके उपरांत और 148 नवीन ग्रामों को चिन्हित किये गया है। इस तरह अब वर्तमान में आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत बालाघाट जिले में कुल 348 ग्राम चिन्हित किये जा चुके है। विकासखंड बैहर के 93 ग्राम, विकासखंड बिरसा के 93 ग्राम, विकासखंड परसवाड़ा के 88 ग्राम, बालाघाट के 29 ग्राम, लांजी, के 16 ग्राम, किरनापुर के 05 ग्राम, लालबर्रा के 10 ग्राम, कटंगी के 12 ग्राम एवं वारासिवनी के 02 ग्राम का चयन किया गया है।

जिले में अभियान अंतर्गत 348 ग्रामों में आदि सेवा केन्द्र की स्थापना की गई। वर्तमान में विकासखंड बैहर में 73, बिरसा में 91, परसवाड़ा में 83, बालाघाट में 29, कटंगी में 11, किरनापुर में 04, लालबर्रा में 08, लांजी में 16 वारासिवनी में 02 आदि सेवा केन्द्र की स्थापना की गई। यह केन्द्र ग्राम के पंचायत भवन एवं अन्य शासकीय भवनों में प्रारंभ किये गए है। जिनमें आदि सेवा केन्द्रो के प्रति सप्ताह खुलने के दिन व समय तथा अनुभाग स्तर एवं ग्राम स्तर के शासकीय सेवको के नाम, पदनाम तथा मोबाईल नंबर उल्लेखित किये गये है।

शासन के निर्देशानुसार दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक 'आदि सेवा पर्व'' का आयोजन बालाघाट जिले के चिन्हित ग्रामों में किया गया। इस दौरान ग्रामों में अभियान के प्रचार प्रसार के लिए जनजागरण यात्राएं, क्षेत्र भ्रमण एवं ग्रामीणों का उन्मुखीकरण, ग्राम विकास आवश्यकताओं के लिए विषयवार समूह चर्चाएं, ग्राम आकांक्षाओं के प्रदर्शन के लिए दीवार लेखन, स्थानीय भाषा में ग्राम विकास कार्ययोजना तैयार की गई।

अभियान अंतर्गत चिन्हित ग्रामों में शासन के निर्देशानुसार दिनांक 02 अक्टूबर 2025 को विशेष ग्राम सभा में ग्राम विकास कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। जिसमें अभियान के प्रचार प्रसार के लिए जनजागरण यात्राएं, क्षेत्र भ्रमण एवं ग्रामीणों का उन्मुखीकरण, ग्राम विकास आवश्यकताओं के लिए विषयवार समूह चर्चाएं, ग्राम आकांक्षाओं के प्रदर्शन के लिए दीवार लेखन, स्थानीय भाषा में ग्राम विकास कार्ययोजना तैयार की गई।



अभियान अंतर्गत चिन्हित ग्रामों में ग्राम विकास कार्ययोजना (VAP) तैयार कर आदि प्रसारण पोर्टल पर अद्यतनीकरण का कार्य किया गया, जिसमें ग्राम विकास कार्ययोजना के तहत आयोजित बैठक, आदि साथी, आदि सहयोगी, आदि विद्यार्थी के मनोनयन की जानकारी, CSO की जानकारी, आदि सेवा केन्द्र की स्थापना, विशेष ग्राम सभा की बैठक, वर्ष 2030 का विलेज एक्शन प्लान एवं हितग्राही मूलक योजनाओं यथा आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पी.एम. जनधन खाता, पी.एम. किसान सम्मान निधि की जानकारी अद्यतन की गई है।